# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-103 | सागवाड़ा, शुक्रवार, 16 दिसम्बर, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# डूंगरपुर एसीबी की बड़ी कार्रवाई, एवीवीएनएल का कमर्शियल असिस्टेंट व दलाल 1 लाख 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## आरोपियों ने ये राशि एसआईपी कनेक्शन का डिमांड जल्द जारी करने की एवज में मांगी थी

**आसपुर।** डूंगरपुर एसीबी की टीम ने आज जिले में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। डूंगरपुर एसीबी डिप्टी हेरम्ब जोशी के नेतृत्व में टीम ने अजमेर डिस्कोम के सहायक अभियंता कार्यालय में कार्यरत कमर्शियल असिस्टेंट हंसराज जाट व दलाल बबलू गुर्जर को एक लाख 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ये राशि एसआईपी कनेक्शन का डिमांड जल्द जारी करने की एवज में मांगी थी। फिलहाल एसीबी की कार्रवाई चल रही है। डूंगरपुर एसीबी के डिप्टी हेरम्ब जोशी ने बताया की आसपुर उपखंड क्षेत्र के काटडी निवासी रोहित पंचाल ने डूंगरपुर एसीबी ऑफिस में शिकायत की थी। शिकायत में रोहित पंचाल ने बताया था कि उसके पिता गणेशलाल लोहार के नाम से पूंजपुर में शिवम फेब्रीकेशन एवं बिल्डिंग मटेरियल कारखाना है। जिसके लिए आसपुर सहायक अभियंता कार्यालय में लघु उद्योग पावर (एसआईपी) विद्युत कनेक्शन की फ़ाइल लगाई थी। जिसके कनेक्शन की कार्रवाई करने व पत्रावली में जल्द डिमांड जारी करवाने के लिए आसपुर सहायक कार्यालय में कार्यरत कमर्शियल असिस्टेंट हंसराज जाट एक लाख 30 हजार की डिमांड कर रहे है। डिप्टी हेरम्ब जोशी ने बताया की परिवादी की ओर से मिली शिकायत पर 14 दिसम्बर को शिकायत का सत्यापन करवाया गया। सत्यापन होने पर आज एसीबी ने आसपुर में ट्रेप का जाल बिछाया और परिवादी को रिश्वत के एक लाख 10 हजार की राशी लेकर भेजा। परिवादी ने हंसराज के दलाल पेटी कांट्रेक्टर दौसा जिला निवासी बबलू गुर्जर को रिश्वत की एक लाख 10 हजार की राशी दी। जिस पर एसीबी ने दलाल बबलू गुर्जर को रंगे हाथ रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। वही कमर्शियल असिस्टेंट हंसराज जाट को उसके कार्यालय से गिरफ्तार किया। इधर फिलहाल मौके पर एसीबी की कार्रवाई जारी है।

# रसोई गैस के कॉमर्शियल यूज, 12 होटल-ढाबों से जब्त किए 25 सिलेंडर

**डूंगरपुर।** रसद विभाग की टीम ने गुरुवार को आसपुर विधानसभा क्षेत्र के आसपुर, साबला और पिंडावल कस्बे में घरेलू गैस सिलेंडर के कॉमर्शियल उपयोग करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। रसद विभाग की टीम ने तीनों कस्बो में अलग–अलग 12 प्रतिष्ठानों पर छापा मारा और इस दौरान कुल 25 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। वही, रसद विभाग की ओर से जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी गई है। मामले में कलेक्टर की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।डूंगरपुर जिला रसद अधिकारी विपिन जैन ने बताया की कार्रवाई के तहत आसपुर कस्बे से। प्रतिष्ठान, साबला कस्बे से 4 प्रतिष्ठान और पिंडावल कस्बे में एक प्रतिष्ठान पर घरेलू सिलेंडर पर व्यवसायिक प्रयोग किया जा रहा था। जिसके बाद इन सभी प्रतिष्ठानों से घरेलू सिलेंडर को जब्त कर लिया है। वहीं, जिला रसद अधिकारी विपिनचंद जैन ने बताया की कार्रवाई के बाद सभी प्रतिष्ठानों के संचालकों को व्यावसायिक कनेक्शन जारी किए गए हैं। वहीं, भविष्य में घरेलू सिलेंडर्स का व्यवसायिक उपयोग नहीं करने के लिए पाबंद किया गया है। जिला रसद अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि कार्रवाई की जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी। उसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर आगे की कार्रवाई इन प्रतिष्ठानों के खिलाफ की जाएगी।

# पाटीदार समाज का सम्मेलन 18 को सागवाडा में, 20 हजार अधिक समाज बन्धु भाग लेंगे

* डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर सरदार धाम की वर्चुअल आधारशिला रखी जाएगा
* विद्यानगर पंचवटी में दो भवनों का उद्घाटन होगा



**सागवाड़ा।** उपखंड मुख्यालय में आगामी 18 दिसंबर को गुजराती पाटीदार समाज की ओर से सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में गुजरात मध्य प्रदेश और राजस्थान के हजारों पाटीदार समाज जन भाग लेंगे । सम्मेलन को लेकर विद्यानगर पंचवटी सागवाड़ा में गुजराती पाटीदार समाज चैरिटेबल ट्रस्ट ने पत्रकार वार्ता आयोजित की पत्रकार वार्ता में बताया कि आगामी 18 दिसंबर को पाटीदार समाज की ओर से ज्ञान कुटीर समर्पण भामाशाह अभिनंदन एवं विचार प्रबोधन महोत्सव के रूप में विशाल सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन पद्मश्री सवजी भाई ढोलकिया व पद्मश्री मथुर भाई सवानी सहित कई समाजसेवी व भामाशाह के आतिथ्य में आयोजित होगा सम्मेलन को लेकर विद्यानगर प्रांगण में विशाल डॉम का निर्माण करवाया गया है । वहीं प्रेस वार्ता में बताया कि सम्मेलन में भामाशाह के सहयोग से डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर सरदार धाम की वर्चुअल आधारशिला रखी जाएगा । जिसमे आईएएस एकेडमी का निर्माण होगा और इसकी सेवा सभी वर्ग के विद्यार्थियों को मिलेगी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गुजरात मध्यप्रदेश व राजस्थान के हर गांव में पाटीदार समाज में प्रचार प्रसार किया जा रहा है और सम्मेलन का निमंत्रण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में करीब 20 हजार लोगों की आने की संभावना बताई जा रही है। समाज की ओर से कार्यक्रम की तैयारियां जोरों से की जा रही है। इस अवसर पर ट्रस्टी डायालाल पाटीदार, प्रेम भाई पाटीदार , शिव शंकर पाटीदार, देवीलाल पाटीदार, डायालाल पाडवा, वेलचंद पाटीदर , रविशंकर पाटीदार सहित समाजजन उपस्थित थे।

# सागवाडा विधायक डेंडोर ने महाविद्यालय छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन




**सागवाड़ा।** भीखा भाई भील राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को किया। मुख्य अतिथि विधायक रामप्रसाद डिण्डोर थे। अध्यक्षता प्राचार्या सुनिता सेंगाडा ने की। प्रारम्भ में मुख्य अतिथि डिण्डोर ने छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन किया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत गाया। प्राचार्य सेंगाडा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतिवेदन पढ़ा। सेंगाड़ा ने महाविद्यालय की समस्याओं की जानकारी दी। विभिन्न वक्ताओं ने महाविद्यालय विकास के सहयोग का आह्वान किया।छात्रसंघ अध्यक्ष शीला डामोर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समस्याओं के समाधान में सहयोग की अपील की।मुख्य अतिथि विधायक डिण्डोर ने जिज्ञासु बन वैज्ञानिक सोच पर तथ्यों का विश्लेषण करने का आह्वान किया तथा यथासंभव समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया।अतिथि कांतिलाल रोत, पोपट खोखरिया, मांगीलाल ननोमा, मणिलाल गरासिया, हिरालाल दामा एवं माया कलासुआ ने भी छात्र हित में अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान उपेन्द्र कुमार सिंह, बद्री प्रसाद यादव, वरदी चन्द ऐरवाल, जयेश गुप्ता, तुषार बरण्डा, सुनील पटेल एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. सोनु शर्मा एवं रोहित मीणा ने किया।छात्रसंघ परामर्शदाता डॉ. धर्मेन्द्र पाटीदार आभार व्यक्त किया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# अफसर भी कांग्रेस कार्यकर्ता हो गए क्या ?

**अलवर।** भाजपा अलवर दक्षिण की ओर से शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को विरोध जताते हुए सरकार व प्रशासन को घेरा। शहर विधायक ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा के कारण केवल एक रोड पर ध्यान है। अफसर भी उसी रोड को चमकाने में लगे हैं। क्या वे भी कांग्रेस के कार्यकर्ता हो गए हैं। कलेक्ट्रेट के बाहर विरोध जताया। ADM उत्तम सिंह शेखावत को ज्ञापन सौंपा गया। विधायक ने जिला प्रशासन के उपर आरोप लगाए कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कि यात्रा को लेकर SP कलेक्टर से लेकर तमाम अधिकारी लगे हुए हैं।

# राजस्थान में किसान परिवार के साथ राहुल गांधी ने काटी कुट्टी, अशोक गहलोत ने दिया साथ

**भरतपुर।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में इस समय राजस्थान से गुजर रही है। इस यात्रा के दौरान अब तक राहुल गांधी की कई दिलचस्प तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। कभी वे फुटबॉल खेलते नजर आते हैं, तो कभी बच्चों को गोद में लिए. अब राजस्थान से भी गुरुवार (15 दिसंबर) को यात्रा के दौरान की राहुल गांधी की एक और दिलचस्प फोटो आई है। इस फोटो में उनके साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी हैं। इस फोटो में राहुल गांधी और अशोक गहलोत एक किसान परिवार के साथ मशीन पर कुट्टी काटते हुए नजर आ रहे हैं। इससे पहले राहुल गांधी एक बैलगाड़ी पर बैठे हुए भी नजर आए थे। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को अपने सौवें दिन में प्रवेश करने वाली है।

# जयपुर एयरपोर्ट पर पकड़ा 2 करोड़ का गोल्ड

**जयपुर।** जयपुर में गोल्ड तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। खाड़ी देशों से अब भी राजस्थान में गोल्ड सप्लाई किया जा रहा है। जयपुर एयरपोर्ट पर बुधवार देर रात और गुरुवार सुबह हुई दो कार्रवाई में कस्टम अधिकारियों ने 2 करोड़ 9 लाख रुपए का गोल्ड बरामद किया है। इनमें से करीब 1.95 करोड़ का गोल्ड स्पीकर में लाया गया था। कस्टम अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली थी कि दुबई से देर रात आने वाली एक फ्लाइट में गोल्ड लाया जा रहा है। इस पर रात 12 बजे दुबई से आई स्पाइस जेट की फ्लाइट से आए यात्री से पूछताछ की। शुरुआती पूछताछ में उसने बताया कि उसके पास किसी तरह का गोल्ड नहीं है। उसके पास से एक स्पीकर मिला। स्पीकर खोला गया तो आंखें खुली रह गईं। स्पीकर में प्लेट की शेप में 3 किलो 495 ग्राम गोल्ड रखा गया था। अधिकारियों ने बताया कि जब सप्लायर के बारे में पूछा गया तो उसने किसी भी तरह की जानकारी होने से इनकार कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, इस गोल्ड की कीमत करीब 1 करोड़ 95 लाख रुपए है। बुधवार देर रात कार्रवाई के बाद कस्टम अधिकारियों को एक और सूचना मिली। बताया गया कि एक यात्री दुबई की फ्लाइट से गोल्ड ला रहा है।

# फायर मैन सीधी भर्ती, लक्ष्मण मैदान में शारीरिक व प्रायोगिक परीक्षा हुई शुरू, पहले दिन पहुंचे 14 अभ्यर्थियो ने दिखाया दमखम

**डूंगरपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित फायर मैन सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं प्रायोगिक परीक्षा आज से डूंगरपुर जिले के लक्ष्मण मैदान में शुरू हुई। शहर के लक्ष्मण मैदान में परीक्षा के पहले दिन 20 में से 14 अभ्यर्थी शामिल हुए। स्वायत शासन विभाग की ओर से परीक्षा के लिए गठित कमेटी की मौजदूगी में अभ्यर्थियो ने शारीरिक दक्षता व प्रायोगिक परीक्षा में अपना दमखम दिखाया। चार दिनों तक होने वाली इस परीक्षा में 64 अभ्यर्थियो को बुलाया गया है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित फायर मैन सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के बाद अब शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं प्रायोगिक परीक्षा स्वायत्त शासन विभाग की ओर से करवाई जा रही है। इसी के तहत डूंगरपुर शहर के लक्ष्मण मैदान में गठित कमेटी के निर्देशन में परीक्षा शुरू हुई। 15 व 16 दिसम्बर और 19 व 20 दिसम्बर को होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं प्रायोगिक परीक्षा में कुल 64 अभ्यर्थियो को बुलाया गया है। जिसमे परीक्षा के पहले दिन बुलाये गए 20 में से 14 अभ्यर्थी शामिल हुए जिसमे 5 महिला अभ्यर्थी व 9 पुरुष अभ्यर्थी मौजूद रहे। इस दौरान एडीएम हेमेन्द्र नागर, आयुक्त दुर्गेश रावल, अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल, मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ महेंद्र डामोर और अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक सुरेश सामरिया की मौजदूगी में शारीरिक परीक्षा के तहत अभ्यर्थियो की हाईट, वेट और चेस्ट नापा गया। वही लम्बी कूद और 400 मीटर की दौड़ भी करवाई गई। इसी प्रकार 15–15 मीटर की दूरी पर उपलब्ध फायर हॉज को जोड़ने की 45 मीटर फायर हॉज ड्रिल, रस्सी पर चढ़ना, बिना रुके एल्युमिनियम अग्निशमन सीढ़ी पर चढ़ने की परीक्षा भी ली गई। वही प्रायोगिक परीक्षा के तहत अग्निशमन सुरक्षा उपकरणो पीपीई किट का उपयोग,खोज व बचाव, प्राथमिक उपचार की भी परीक्षा ली गई।

# ज़ील हॉस्पिटल के चार वर्ष पूर्ण होने पर आज से 'ज़ील हर घर' अभियान, सेमलिया पंड्या में शिविर आज

## आज से 22 दिसंबर तक गांवों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर, 24 दिसंबर तक अस्पताल में परामर्श और जांचों पर 40 प्रतिशत की छूट

**सागवाडा।** वागड़ के सबसे बड़े हॉस्पिटल ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा के सफलतम चार वर्ष पूर्ण होने पर वागड़वासियों को कई सौगातें देने जा रहा है। 24 दिसंबर को ज़ील हॉस्पिटल के चार साल पूरे होने हैं। इसके तहत 16 से 22 दिसंबर गांवों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार से 'ज़ील हर घर' अभियान के तहत 22 दिसंबर तक गांवों में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी शिविर स्थानीय ग्राम पंचायत भवन में होंगे। गाँव गाँव में आयोजित होने वाले इस चिकित्सा शिविर में ज़ील हॉस्पिटल के फिजीशियन डॉ. निखिल और उनकी टीम से परामर्श लिया जा सकेगा। शिविर में आँखों की जाँच भी होगी। 16 को सेमलिया पंड्या, 17 को चाडौली, 18 हडमाला, 19 वणोरी, 20 मांडव और 22 दिसंबर को फावटा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। इसके साथ ही 21 से 24 दिसंबर तक ज़ील अस्पताल में परामर्श और जांचों पर 40 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। हेल्थ चेकअप पर भी 40त्न की छूट रहेगी। 24 दिसंबर के दिन चार वर्ष पूर्ण होने पर ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा में उदयपुर अहमदाबाद के विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। अधिक जानकारी के लिए 9351230476 पर संपर्क किया जा सकता है ।

ज़ील हॉस्पिटल में राजस्थान सरकार की चिरंजीवी योजना के तहत नि शुल्क ऑपरेशन किए जा रहे है। साथ ही आरजीएचएस के तहत नि शुल्क उपचार भी किया जा रहा है।


